दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-320
मुरादाबाद
12 March 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी बोले- द्वारका एक्सप्रेसवे से बदलेगा लोगों का जीवन, दिल्ली-एनसीआर की राह होगी आसान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुरुग्राम में देश भर में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की 112 बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कियाप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में जिस गति से विकास हो रहा है उससे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन डरे हुए हैं। जब मैं विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन करता हूं, तो वे इसे चुनावी रणनीति कहते हैं। नकारात्मकता और केवल नकारात्मकता ही कांग्रेस की असली विशेषता है।पीएम मोदी ने कहा कि देश में हो रहे लाखों करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों से सबसे ज्यादा दिक्कत सिर्फ कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन को है। उनकी नींद हराम हो गई है। इसलिए वो लोग कह रहे हैं कि मोदी चुनाव के कारण लाखों करोड़ रुपये के काम कर रहा है। 10 वर्षों में देश इतना बदल गया, लेकिन कांग्रेस और उसके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। इनके चश्में का नंबर आज भी वही है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश में तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम, भारत को उतनी ही तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत भी बनाएगा।पीएम मोदी ने कहा कि मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में विकसित हरियाणा लगातार विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने में मदद कर रहा है। 21वीं सदी का भारत बड़ी सोच वाला भारत है। 21वीं सदी का भारत बड़े लक्ष्यों का भारत है। आज का भारत प्रगति की गति से समझौता नहीं कर सकता।पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी मुझे अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। मैं छोटा नहीं सोच सकता, न ही मैं छोटे सपने देखता हूं, न ही मैं छोटे संकल्प लेता हूं। मैं जो भी चाहता हूं,

वह बड़ा चाहता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए, क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारतके रूप में देखना है। आपके बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए जी-जान से जुटे रहना है।पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बड़े विजन का भारत है। ये बड़े लक्ष्यों का भारत है। आज का भारत प्रगति की रफ्तार से कोई समझौता नहीं कर सकता।पीएम मोदी ने कहा कि आज जहां द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण हुआ है, एक समय था, जब शाम ढलने के बाद लोग इधर आने से बचते थे। टैक्सी ड्राइवर भी मना कर देते थे कि इधर नहीं आना है। इस पूरे इलाके को असुरक्षित समझा जाता था। लेकिन आज कई बड़ी कंपनियां यहां आकर अपने प्रोजेक्ट लगा रही हैं। ये इलाका ह्लक्रके सबसे तेजी से विकसित हो रहे इलाकों में शामिल हो रहा हैपीएम मोदी ने कहा कि आज यहां देशभर के लिए 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की 100 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हो रहा है...सभी राज्यों के करोड़ों नागरिकों को इतनी सारी विकास परियोजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।पीएम मोदी ने कहा कि 2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो चुका है। ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं। इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है।पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज मुझे द्वारका एक्सप्रेस-वे देश को समर्पित करने का अवसर मिला है। इस प्रोजेक्ट पर 9,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। आज से दिल्ली और हरियाणा के बीच परिवहन का अनुभव हमेशा के लिए बदल जाएगा।

ये आधुनिक एक्सप्रेसवे न सिर्फ गाड़ियों में, बल्कि दिल्ली NCR के लोगों की जिंदगी में भी गियर शिफ्ट करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें छोटी सी कोई योजना बनाकर, छोटा सा कोई कार्यक्रम करके उसकी डुगडुगी पांच साल तक पीटते रहते थे। वहीं भाजपा सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, उसमें शिलान्यास और लोकार्पण के लिए समय और दिन कम पड़ रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे समेत 144 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नए कानून के तहत न हो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर की गई मांग

कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से यह याचिका अरुण गोयल के चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद डाली गई है। चुनाव आयोग में फिलहाल आयुक्तों के तीन पदों में से दो पद खाली हैं।निर्वाचन आयोग में रिक्त पड़े चुनाव आयुक्त दो पदों को भरने के लिए जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बैठक होने वाली है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर एक याचिका दाखिल की गई है। इसमें मांग की गई है कि केंद्र सरकार नए कानून चुनाव आयुक्त ( सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन ) अधिनियम, 2023 के तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति न होने दे।कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से यह याचिका अरुण गोयल के चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद डाली गई है। चुनाव आयोग में फिलहाल आयुक्तों के तीन पदों में से दो पद खाली हैं। सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही निर्वाचन आयोग में इकलौती सदस्य रह गए हैं। इससे पहले अनूप पांडे फरवरी में चुनाव आयुक्त पद से रिटायर हुए।याचिका में क्या है मांग? जया ठाकुर ने अपने आवेदन में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में उनकी याचिका लंबित है। इस पर 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नोटिस जारी किया गया था। एक सदस्य अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया।

## अखिलेश यादव बोले- इलेक्शन बॉन्ड खरीदने वालों की सूची सार्वजनिक की जाए




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता को भी बताया जाना चाहिए कि इलेक्शन बॉन्ड किन लोगों ने खरीदे हैं। उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बॉन्ड को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को फटकार लगाई है और खरीदारों की सूची मंगलवार को सौंपने का आदेश दिया है। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जवाब दिया है कि बॉन्ड खरीदने वालों की सूची जनता को पता चल पाएगी या नहीं ये बड़ा सवाल है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि हमें तो कम चंदा मिला... ज्यादा मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक चंदा भाजपा को मिला और भाजपा को पता है कि किन लोगों ने बॉन्ड खरीदे अब जनता को पता चलना चाहिए। अखिलेश यादव सोमवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे।अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि सपा ने सबसे पहले गठबंधन किया। सबसे पहले प्रत्याशियों की सूची जारी की है। सबसे पहले प्रचार अभियान शुरू किया है और अब जीत की सूचना भी सबसे पहले सपा प्रत्याशियों की ही आएगी।उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है। लोकसभा चुनाव में एक तरफ जनता है और दूसरी तरफ कुछ भाजपाई हैं। उन्होंने भाजपा के नारे अबकी बार 400 पार पर कहा कि आप लोग ठीक तरह से सुनते नहीं हैं। वो कहते हैं कि अबकी बार 400 पर हार है।

## विधान परिषद चुनाव : एनडीए के 10 और सपा के तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन, अपना दल को एक सीट

यूपी में 13 सीटों के लिए हो रहे विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा गठबंधन के 10 और सपा के तीन प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल किया। विधान परिषद चुनाव में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हैं। यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे।



एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल विच्छेलाल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। सपा की ओर से तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। सपा ने बलराम यादव, गुड्डू जमाली और किरण पाल कश्यप को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में विधान परिषद चुनाव होना तय हो गया है।भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। अपना दल एस से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा से विच्छेलाल राजभर ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## यूपी को 3666 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगाम, सीएम योगी बोले- लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की बदलेगी तस्वीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ सहित यूपी के लिए 3666 करोड़ रुपये की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि इससे लखनऊ व प्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित यूपी कैबिनेट के कई मंत्री मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रिंग रोड बनने से लखनऊ में जाम की समस्या खत्म होगी। कानपुर से आने वालों को अयोध्या जाने के लिए लखनऊ के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह पूरे प्रदेश के लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क भाजपा सरकार ने बनाई। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विकास कार्य की झड़ी लगी है। रक्षामंत्री ने पहले शहीद पथ बनवाया और अब रिंग रोड बनवा दिया है।



## राजस्थान के सीएम भजनलाल ने अपनी कैबिनेट के साथ रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को अपनी कैबिनेट के साथ रामलला के दर्शन किए।राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सोमवार को अपनी कैबिनेट के साथ


अयोध्या पहुंचे और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।मुख्यमंत्री

अपनी कैबिनेट के साथ सोमवार सुबह महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। पहली फ्लाइट में मंत्री, विधायक व अधिकारी पहुंचे। दूसरी फ्लाइट से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आए।

## होली के पहले राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा, 4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा, 35 लाख को होगा फायदा

योगी सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों, शिक्षकों व पेंशनरों को होली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।राज्य सरकार के करीब 35 लाख कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों को चार फीसदी बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मिलेगा। राज्य सरकार ने इस पर सहमति दे दी है। अप्रैल या मई के वेतन में बढ़ा हुआ डीए दिया जाएगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जनवरी 2014 से मिलेगा। इस वृद्धि से सरकार के खजाने पर करीब 350 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस संबंध में जल्द ही आदेश जारी किया जाएगा।होली से पहले राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते चार फीसदी महंगाई भत्ता देने का एलान किया था। इसी के बाद से ही माना जा रहा था कि राज्य सरकार भी जल्द इस दिशा में फैसला ले सकती है।शनिवार को ही राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई थी। चार फीसदी की वृद्धि से महंगाई भत्ता 50 फीसदी हो जाएगा। इसका लाभ करीब 11.5 लाख कर्मचारियों, 8 लाख शिक्षकों और 15.5 लाख पेंशनरों को मिलेगा।महंगाई भत्ता अप्रैल में आने वाले मार्च के वेतन या मई में आने वाले अप्रैल के वेतन के साथ जोड़कर दिया जाएगा। चुनाव को देखते हुए माना जा रहा है कि मार्च के वेतन में ही चार फीसदी महंगाई भत्ता जोड़कर दिया जाएगा।



# संपादकीय Editorial

## Doctors from strike to ragging

Either the map was bigger here, or we did not read it. Those who have become doctors in Himachal are on strike and those who are becoming so, their streets are full of mud. Start with the doctors' strike or read the lesson on ragging on the black board of Nahan Medical College. In both circumstances, these examples are uncomfortable from a qualitative point of view. The Medical College of Nahan produced such trainee doctors who stole the subject of ragging from the serious curriculum. What happened practically with the junior doctors may have led to immediate action being taken against the nine trainee doctors, but the question is that even after the Kachru incident, we were not able to protect the educational institutions from such absurdities. To understand its reasons, the investigation gets stuck only on the events, whereas attention should be given to those decisions which do not understand the difference between institutions and political platforms based on power. Both the construction and existence of Nahan Medical College are stuck in the narrow streets of the city. Where perhaps even a good hospital would shy away from expanding its footprint, the walls of the medical college are fighting with its own existence. Why should it not be considered an accident of political thinking that now institutions are being ruined as a result of regionalism? The state is now neither dynamic nor progressive as a whole, rather such institutions are being made pastureland. Here, the Indian Institute of Hotel Management is not established at any tourist destination, whereas the Agricultural University is established somewhere away from agricultural producing areas. Similarly, when the doors opened for private universities, half a dozen opened in the same panchayat area. We had set out to make Solan an education hub, but political priorities ruined the education system. As a result many shutters are on the verge of closure. If this conflict regarding the campus and introduction of the Central University started during the period of Dhumal government, then it remained in question even till the coming of Sukhu government. By entangling education in the web of political competition, we have rendered the real career of the students unclaimed. Now in the race to make every college postgraduate, the achievements will be like ragging.

The surprising thing is that when the land of a college like Thural in Kangra gets encroached by flood, then the entire college of Mataur conducts classes on the road. If we do not have institutions to explore careers in education, the uncertainty of these campuses will only desensitize students. Earlier in Himachal, apart from the private universities, one and a half dozen engineering colleges had turned away from the students, so now where will the medical colleges producing around eight hundred doctors every year go? If we evaluate the competition for survival and progress in Nahan Medical College, then the index of Himachal will be understood and if we look at the profession of doctors in the atmosphere of conflict prevailing in hospitals, then the issues of instability will be understood. In both the circumstances, the qualitative aspects of the state's picture are missing, so amidst the insensitivity, neither the government's side nor the role of civil society is visible. During this time a different kind of mercantilism is spreading. That is, private hospitals are snatching away the credibility of government doctors as their alternative, so this situation is creating imbalance. Despite this, there is a continuous increase in OPD numbers in government hospitals and public preference towards the basic principles of medicine is visible. It is clearly visible from the doctors' strike, what level of sensitivity is expected from them.

# India's first general election was held under extremely difficult circumstances.

Given the country's vast size, diverse population and complex socio-political landscape, conducting the first general elections in India in 1951–52 was indeed a very important task. At that time, due to severe lack of roads, setting up polling stations in remote rural areas, delivering election material and ensuring security was a difficult task. In this era of extreme science and technology, the elections were conducted by a three-member Election Commission equipped with extensive powers and resources. Due to many shortcomings in the elections, a lot of improvements still need to be made for fair and free elections. But imagine how a single-member Election Commission, despite lack of resources and experience, would have conducted the first general elections of the world's largest democratic republic in 1951-52. This was truly the biggest event in the democratic history of the world. An important milestone in democratic history – Given the country's vast size, diverse population and complex socio-political landscape, holding the first general elections in India in 1951–52 was indeed a very important task. At that time, setting up polling stations, delivering election materials and ensuring security in remote rural areas was a difficult task due to severe lack of roads. Most Indians were illiterate and unfamiliar with the concept of voting. Extensive voter education campaigns were necessary to explain the voting process and the importance of democratic participation. The infrastructure of newly independent India was underdeveloped in 1951-52. Limited transportation, communication and administrative facilities naturally posed significant challenges in conducting nationwide elections. India's diverse population included people from different linguistic, cultural and religious backgrounds. Ensuring fair representation and managing potential conflicts required careful planning and implementation. Despite these challenges, the Election Commission of India, under the leadership of Chief Election Commissioner Sukumar Sen, successfully conducted the elections. It was the world's largest democratic exercise at that time, with more than 17.3 crore people participating. This election is widely considered an important milestone in the democratic history of India. The first general elections were held in four phases - Sukumar Sen, the first Chief Election Commissioner of the Election Commission of India, formed on 25 January 1950 under Article 324 of the Constitution, was appointed on 21 March 1950. He faced the daunting challenge of conducting free and fair elections in the world's largest and most diverse country. Despite these challenges, the Commission successfully conducted the first general elections in 1951–52. Even at that time, India was the second country in the world after China in terms of population. Therefore, India was the largest democratic country in the world in terms of population. Amidst the toughest challenges, the Election Commission announced general elections for the Lok Sabha and three types of assemblies on 15 October 1951 in four phases. The first phase of elections was held on 25 October 1951, the second on 31 October, the third on 6 November and the fourth phase on 15 November 1951. The results of the elections were declared on 21 February 1952. In this way the entire election process was completed in March 1952. About 17.3 crore voters (44.99 percent) participated in it. The Indian National Congress won the election by a huge margin. At that time, elections were held on 489 out of 496 Lok Sabha seats, out of which Nehru-led Indian National Congress got 384 seats, Ajay Ghosh-led Communist Party of India got 16 seats and Jayaprakash Narayan's Socialist Party got 12 seats. First Radio Broadcast - Sukumar Sen, the first Election Commissioner of India, addressed the nation on All India Radio about the first elections on 21 March 1951. In this address, along with appealing to the Indians to participate freely and fearlessly in the election process, he also enumerated the very difficult challenges before the Commission. Among these challenges, along with lack of resources, the complexity of delimitation was also mentioned earlier. Because at that time elections were to be held for three types of assemblies along with the Lok Sabha and in the Lok Sabha too, seats were not reserved separately for Scheduled Castes and Tribes, instead there was a system of double voting in the same constituencies on the basis of the population of these castes. There were 496 seats in the Lok Sabha. At that time, the Constitution had a maximum of 500 seats for the Lok Sabha and at that time, 496 seats were fixed. According to the Constitution, members of Jammu and Kashmir and Andaman and Nicobar were to be nominated by the President and for the rest of India, MPs were to be elected by adult voting. At that time, 204 seats of Rajya Sabha were fixed which were to be filled from all three types of states. For Rajya Sabha, 12 members from the fields of literature, science, art and social service were to be nominated by the President. Of the 204 members, 190 were to be elected from the states by proportional representation (except Jammu and Kashmir) and 10 members were to be elected from Part-C states by adult franchise. Four members were to be nominated by the President from Jammu and Kashmir. There were 28 three types of states. At the time of the first general elections, there were 28 three types of states in the country. These 9 states of Part-A include Assam, Bihar, Bombay, Madhya Pradesh (erstwhile Central Provinces), Uttar Pradesh (erstwhile United Province), West Bengal.La, Madras, Orissa and Punjab were included. Even during the British era, these states used to be entire provinces under the Governor. 8 states of Part-B category - Similarly, the number of Part-B states was 8, which included Hyderabad, Jammu and Kashmir, Madhya Pradesh, Mysore, Patiala and East Punjab. States Union (PEPSU), Rajasthan, Saurashtra and Travancore-Cochin. These were all princely states in which the head of state, cabinet and MLAs were to be formed after the elections. Of these Part-B states, Hyderabad, Jammu and Kashmir, PEPSU and Rajasthan had no legislature. Apart from the special situation of Jammu and Kashmir, in the rest the democratic process was to start after the elections. Part-C states including Delhi - 11 Part-C states were directly administered by the Government of India. These were called Part-C states instead of Union Territories. These included Ajmer, Bhopal, Bilaspur, Coorg, Delhi, Himachal Pradesh, Kutch or Kutch, Manipur, Tripura, Vindhya Pradesh and Andaman and Nicobar Islands. Only 7 states had Legislative Councils - along with the Lok Sabha, different types of Conducting elections was also a complex challenge. At that time 7 states had bicameral legislatures. Along with the Assembly, elections for Legislative Councils were also to be held. Such states included the states of Bihar, Bombay, Madras, Punjab, Uttar Pradesh, West Bengal and Mysore. These included 72 seats in the Legislative Councils of Bihar, Bombay, Madras, and Uttar Pradesh, 51 seats in the Legislative Council of West Bengal and 40 seats in the Legislative Councils of Punjab and Mysore. The elections for these councils were to be partly through election and nomination. Unequal ratio of MPs to MLAs – Earlier in the delimitation of general elections, a constituency of Lok Sabha was fixed at a maximum population of 7.50 lakh and minimum of 5 lakh. But this standard of population was not applicable to Part-C states. Because these states were small and less populated. At that time, there were 430 seats in the Uttar Pradesh Legislative Assembly and 86 seats in the Lok Sabha. Similarly, 375 seats in the Madras Assembly and 75 seats in the Lok Sabha were fixed. The delimitation at that time was also not uniform. In Uttar Pradesh, one Lok Sabha member was fixed at five times the number of MLAs. Whereas there was one MP for every 6 MLAs of Bihar. In the states of Bombay, Orissa, Punjab, West Bengal and Hyderabad, there was one MP for every 7 MLAs and in Madhya Pradesh, Rajasthan, there was one MP for every 8 MLAs. Similarly, in Assam, Mysore, Travancore, Kochi, one MP was fixed for every 9 MLAs, in Saurashtra, one MP was fixed for every 10 MLAs and in Peppasu, one MP was fixed for every 12 MLAs. Selection of two MPs on some seats - Initially, with the simultaneous elections of the State Assemblies and the Lok Sabha, at that time the reserved seats for Scheduled Castes and Tribes were not separate, but the reservation system along with the general seats was for 10 years. . In this way, in some seats in Part A and B category states, along with general category candidates, reserved candidates were also in the fray and voters had to elect two MPs on the same seat. But this system was not there in Part C states.



8 states of Part-B category - Similarly, the number of Part-B states was 8, which included Hyderabad, Jammu and Kashmir, Madhya Pradesh, Mysore, Patiala and East Punjab. States Union (PEPSU), Rajasthan, Saurashtra and Travancore-Cochin. These were all princely states in which the head of state, cabinet and MLAs were to be formed after the elections. Of these Part-B states, Hyderabad, Jammu and Kashmir, PEPSU and Rajasthan had no legislature. Apart from the special situation of Jammu and Kashmir, in the rest the democratic process was to start after the elections. Part-C states including Delhi - 11 Part-C states were directly administered by the Government of India. These were called Part-C states instead of Union Territories. These included Ajmer, Bhopal, Bilaspur, Coorg, Delhi, Himachal Pradesh, Kutch or Kutch, Manipur, Tripura, Vindhya Pradesh and Andaman and Nicobar Islands. Only 7 states had Legislative Councils - along with the Lok Sabha, different types of Conducting elections was also a complex challenge. At that time 7 states had bicameral legislatures. Along with the Assembly, elections for Legislative Councils were also to be held. Such states included the states of Bihar, Bombay, Madras, Punjab, Uttar Pradesh, West Bengal and Mysore. These included 72 seats in the Legislative Councils of Bihar, Bombay, Madras, and Uttar Pradesh, 51 seats in the Legislative Council of West Bengal and 40 seats in the Legislative Councils of Punjab and Mysore. The elections for these councils were to be partly through election and nomination. Unequal ratio of MPs to MLAs – Earlier in the delimitation of general elections, a constituency of Lok Sabha was fixed at a maximum population of 7.50 lakh and minimum of 5 lakh. But this standard of population was not applicable to Part-C states. Because these states were small and less populated. At that time, there were 430 seats in the Uttar Pradesh Legislative Assembly and 86 seats in the Lok Sabha. Similarly, 375 seats in the Madras Assembly and 75 seats in the Lok Sabha were fixed. The delimitation at that time was also not uniform. In Uttar Pradesh, one Lok Sabha member was fixed at five times the number of MLAs. Whereas there was one MP for every 6 MLAs of Bihar. In the states of Bombay, Orissa.

## रमज़ान के महीने में व्यवस्थाओं के लेकर AIMIM ने अपर नगर मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ




मुरादाबाद, आज दिनांक 11/3/2024 को एआइएमआइएम जिला अध्यक्ष मुरादाबाद मोहिद फरगानी एडवोकेट के नेतृत्व मे जिला व महानगर इकाई द्वारा आने वाले रमजान उल मुबारक के पाक महीने, और होली व ईद उल फितर के पर्व के मद्दे नज़र सुरक्षा, कानून एवं सफाई व्यवस्था बेहतर करने हेतु अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रीति सिंह जी द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया

महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट ने कहा, की रमज़ान के महीने में कुछ असामाजिक तत्व इफ़्तार के वक़्त शहर का मौहोल ख़राब करने की कोशिश करते हैं, प्रशासन से अपील है कि उन लोगो पर कड़ी नज़र रखी जाए और कोई भी असामाजिक घटना होती है तो तुरंत उन पर कार्यवाही की जाए, असामाजिक तत्वों को सलाखों के पीछे डाला जाए इस मौके पर प्रदेश सचिव ज़की राईनी, पश्चिम प्रदेश सचिव आमिल एडवोकेट, प्रदेश महासचिव एहतेशाम मंसूरी, ज़िला महासचिव फहीम बेग, महानगर उपाध्यक्ष वाहजुद्दीन, अरशद सैफ़ी, ज़ुल्फ़िक़ार ठेकेदार, फिरोज़ इंजीनियर, अतीकुल, तालिब मलिक, शराफ़त हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

## पीड़ित का आरोप ग्राम प्रधान और लेखपाल जान से मारने की दे रहा धमकी

क्यूँ न लिखूँ सच
अजहर अली



मुरादाबाद - मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित ने डीआईजी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। तहसील ठाकुरद्वारा के गांव पाडला के रहने वाले सुशील त्यागी ने डीआईजी कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके गाँव के ग्राम प्रधान ने क्षेत्रीय लेखपाल से साठ गाठ करके प्रधान पति कुलदीप व प्रदीप पुत्र गजपति निवासी पाडला ने ग्राम समाज की जमीन को गलत तरीके से अपने नाम प्रधान पति कुलदीप व प्रदीप के नाम बयनामा कराया था और उक्त लोगो पर मुकदमा भी चल रहा है,इस सम्बन्ध में एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को भी दिया जा चुका है,उनके द्वारा थाना ठाकुरद्वारा को आदेश कर दिया गया,

लेकिन उक्त थाने के विवेचक ने गलत तरीके से अपनी गलत रिपोर्ट लगा दी गयी,पीड़ित सुशील त्यागी के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है जमीनी रंजिश और अधिकारियों से शिकायत किये जाने की रंजिश के चलते प्रधान पति कुलदीप व प्रदीप व गजेन्द्र खुले आम जान से मारने की धमकी दे रहे है, और एक माह पूर्व पीड़ित के साथ मारपीट भी की गई, पीड़ित ने थाने में भी शिकायत की मगर पुलिस ने कोई भी कार्यवाही नहीं की।पीड़ित सुशील त्यागी ने अब डीआईजी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर चली लाठियां दो घायल



क्यूँ न लिखूँ सच
अजहर अली

मुरादाबाद थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गांव सब्जी उमरीपुर निवासी अली बारिस का पड़ोस के ही नदीम ,नईम , आरिफ ,और नाजिम से घर के बराबर में खाली पड़ी

जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। बताया जा रहा है बीती कल रात जब अली वारिस परिवार के साथ घर में बैठा हुआ है तभी चारो लोगों ने घर में घुसकर लाठियों से वार करना शुरू कर दिया। जिसमें अली वारिस उसका भाई अली शेर घायल हो गया। हमले में अली वारिस को काफी चोटे आई बताई जाती हैं। पाकबड़ा पुलिस ने घायल अली वारिस को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए कुछ हमलावरों को हिरासत में ले लिया है।

## पुष्पा गार्डन में संपन्न हुई छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता

क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार



कोंच( जालौन ) आज नगर के स्वामी विवेका नंद वर्षाटाइल स्कूल के छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन नगर में नवनिर्मित पुष्पा गार्डन में संपन्न हुई जिस में अतिथियों के रूप में नगर पालिका परिषद के सभासद रघुवीर कुशवाहा माधव यादव महेंद्र कुशवाहा, शादाब उर्फ मुन्ना सभासद, पूर्व सभासद छोटू टाइगर, पुष्पा गार्डन के मालिक विनोद गोस्वामी, पत्रकार संजय गोस्वामी इकरार भीमू मिहौलिया, अनुपम द्विवेदी आदि लोग मंचासीन रहे सर्व प्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर तिलक लगाया एवं पुष्प चढ़ाएइसके पश्चात प्रतियोगिता की शुरुआत हुई दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएं नमनचौरसिया,यासिर श्रेया राठौर,अरहान, जुनैद, नैतिक सोनाली देवोमय,सक्षम, अमसिक द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र गौरी, सोम, आसमीन, इरशाद अंकिता,बुशरा, अंशू, श्रृष्टि,कृष्णा,प्रियांशू तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएं लव, इसरार, प्रिया राठौर अभी, रिया इजा सुरभि, मयंक एवं सक्षम आदि रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य जीतू पाटकार ने किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिवार से विद्यालय के प्राचार्य जीतू पाटकार, आकाश राठौर, दिव्यांशू, अरस्तु सर,राघवेंद्र, सोहिल पायल गौतम, पारुल, मोहिनी राजपूत ,प्रिंसी राठौर, डोली चौरसिया, रिंकी कुशवाहा आदि विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा

## मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता/प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

मुरादाबाद -उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विभाग मुरादाबाद द्वारा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता/प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह, की अध्यक्षता में मुशायरा ग्राऊंड, कलेक्टेऊट मुरादाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिलेट्स रेसीपी उपभोक्ता जागरूकता एवं विकास प्रतियोगिता एवं हेतु श्री अन्न उत्पादों के समुचित उपभोग एवं लाभ के विषय में श्रीअन्न के व्यंजनों को जनसामान्य के दैनिक आहार में सम्मिलित कराये जाने तथा उसके व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।उक्त कार्यक्रम में डा0 शैफाली सिंह, मा0 जिला पंचायत अध्यक्षा, श्री गोपाल अंजान, मा0 सदय विधान परिशद, श्री सुमित यादव, मुख्य विकास अधिकारी, श्री ओमेन्द्रपाल सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक, श्री सत्यम मिश्रा, अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 ), श्री गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ), श्री राजवंश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग, श्रीमती प्रीति सिंह उप जिलाधिकारी, श्री संतोश कुमार द्विवेदी उप कृषि निदेशक एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण द्वारा विभिन्न पर्यटन विभाग/होटल एवं रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन, एफ0पी0ओ0, स्कूल कॉलेज की छात्राओं तथा महिला समूह द्वारा स्टॉलों पर श्री अन्न से तैयार किये गये पकवानों/उत्पादों का अवलोकन/निरीक्षण किया गया। श्री संतोष कुमार द्विवेदी उप कृषि निदेशक द्वारा आगन्तुक सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया तथा मिलेट्स की उपयोगिता के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। श्री अन्न के विभिन्न व्यंजनों का मूल्यांकन श्री ओमेन्द्रपाल सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद, श्री राजवंश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, श्रीमती प्रीति सिंह, उप जिलाधिकारी की त्रिस्तरीय समिती द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पर्यटन विभाग/होटल एवं रेस्टोरेन्ट के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में विलेज ऑफ हॉडी रेस्टोरेन्ट को प्रथम पुरस्कार, होटल क्लार्क इन को द्वितीय पुरस्कार एवं ड्राईव इन 24 तृतीय पुरस्कार तथा शेष होटल/रेस्टोरेन्ट को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार स्कूल कॉलेज की छात्राओं एवं महिला समूहो को पुरस्कार वितरण किया गया। जनपद में श्रीअन्न पर कार्य कर रहे फैमिली फार्मर मुरादाबाद एफपीओ को श्रीअन्न पर बने व्यंजनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रथम पुरस्कार किया गया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार की धनराशि क्रमशः रू0 2500, रू0 2000 एवं रू0 1500 तथा सांत्वना पुरस्कार की धनराशि रू0 1000 उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में कु0 ऋतुषा तिवारी जिला कृषि अधिकारी, श्री राजकुमार सहायक निदेशक( मृदा परी0/कल्चर ), एवं श्री हर्षित कुमार चैहान उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा0 नेहा सिंह, के0वी0के0 बिलारी एवं डा0 हसन तनवीर कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 ठाकुरद्वारा उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री चन्द्रहास कुमार द्वारा किया गया।

## शामली रोड पर रख रखे सामान को दुकान के अंदर रखने के लिए दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली रोड पर कर रखे अतिक्रमण को दुकान के अंदर सामान रखने के लिए दुकानदारों को दिए निर्देश एसपी अभिषेक के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सभी दुकानदारों को रोड पर कर रखे अतिक्रमण को हटाने के लिए सभी दुकानदारों को निर्देश दिए गए टायर मार्केट में दिल्ली रोड पर दुकानदारों ने रोड पर काफी अतिक्रमण कर रखा है जिसके कारण रोड आगे से ज्यादा दुकानदारों ने घेर रखा है इसी प्रकार टायर मार्केट में भी दुकानदारों ने आदि से ज्यादा दुकान रोड पर गिर रखी है पुलिस प्रशासन द्वारा सभी दुकानदारों को यह आदेश दिया गया है कि कृपया अपना सामान दुकान के अंदर रखें यदि में ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी

## माहे रमजान को लेकर तंजीम गुलामाने मुस्तफ़ा ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा




क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार

कोंच( जालौन ) मुकद्दस माहे रमजानुल मुबारक कल 12 मार्च मंगलवार से शुरू हो रहा जो कि 10 अप्रैल तक चलेगा नगर की 20 मस्जिदों के अलाबा कई जगहों पर नमाज़े तरा बीह व इफ्तार का एहत माम किया गया है इसी को लेकर एक 4 सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल/ मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार बीरेंद्र कुमार गुप्ता को तंजीम गुलामाने मुस्तफ़ा सोसायटी की जानिब से सौंपा गया। जिसमें मांग की गई बिधुत आपूर्ति 24 घण्टे दी जाए। विशेष कर सेहरी के वक्त सुबह 4 बजे से 6 बजे तक व इफ्तार के शाम 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक विधुत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस समय विल्कुल कटौती न की जाए व पानी आपूर्ति की सप्लाई भी इसी समय की जाए। मस्जिदों , मदरसों के आसपास साफ सफाई चूना आदि की व्यवस्था एवं प्रति बंधित जानबरों पर रोक व अलबिदा की छुट्टी जो कि वतर्मान में निरस्त है उसे पुनः बहाल किया जाए।इस मौके पर ज्ञापन देने बालो में तंजीम के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी एनुल आरफीन एडवोकेट शमसुद्दीन मंसूरी सभासद अशफ़ाक़ ग़ौरी, हाजी सेठ नासिर , मोहम्मद शरीफ बरकाती सईद अहमद खन्ना सैफ उल्ला खान बटी अला मुहम्मद राईन आदि लोग मौजूद रहे

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से जारी निर्देशों का गहनता से अध्ययन करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही स्टेट एवरेज से कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों पर निष्पक्षत/ सक्रिय पृष्ठ प्रहरियों को लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यो से संबंधित नोडल/प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को चुनाव की तैयारी के संबंध में सभी कार्य ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्भीग्न एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराने में अपना पूर्ण योगदान दें। बैठक में मतदान स्थलों की वल्नरेबिलटी एकल खिड़की एवं सि-विजिल, स्टेशनरी किट, मत पत्र की तैयारी, प्रिन्टिंग तथा मतपत्रों का वितरण, एफएसटी, एसएसटी आदि टीमों की तैनाती सहित अन्य चुनाव संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं हेतु समस्त प्रकार की व्यवस्थायें पूर्ण कर ली जाए। इसके साथ ही समस्त मतदान केन्द्रों पर ए0एम0एफ0 व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित करा ली जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, पी0डी0 सतीश प्रसाद मिश्र, सहित प्रभारी, नोडल/प्रभारी अधिकारी/ सहायक प्रभारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गो संरक्षण के संबंध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्याकंन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गो संरक्षण के संबंध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्याकंन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलैक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विचरण कर रहे समस्त निराश्रित/बेसहारा गोवंशों को तत्काल सुरक्षित किए जाने के संबंध में चर्चा की गयी। इसके साथ ही गोआश्रय स्थलों में सुरक्षित गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में हरे चारे की उपलब्धता पर जिलाधिकारी ने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। बैठक में वर्षपर्यंत भूसा उपलब्ध कराये जाने हेतु रणनीति बनाये पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को प्रधानों के साथ समन्वय बनाकर अच्छे से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी गोआश्रय स्थलों से सम्बद्व ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों की भागीदारी अच्छे से सुनिश्चित करवायें, उनके साथ लगातार संवाद बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी श्रेणी-5 एवं श्रेणी 6 की जमीनों पर हरे चारे की व्यवस्था हेतु उचित कार्यवाही करें। जमीनों को सही से चिन्हित करें। बैठक में समस्त गो आश्रय स्थलों में व्यवस्थाओं की ब्लाकवार विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को ग्राम प्रधानों के साथ निरन्तर बैठक कर गोशालाओं में समस्त व्यवस्था की अच्छे से मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। इसके साथ जिलाधिकारी ने उपस्थित पशु चिकित्साधिकारियों को गो आश्रय स्थलों में भरण-पोषण के संबंध में सही रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्टेऊट सुनील धनवंता, पी0डी0 सतीश प्रसाद मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कंसल, डी0डी0ओ0 जी0बी0 पाठक, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी बिलारी, उपजिलाधिकारी कांठ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अतिक्रमण को लेकर चला बुलडोजर



क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार

जालौन कोंच नगर में श्वह्ल नगर पालिका ने नगर में चलवाया बुलडोजर नालियों के ऊपर अतिक्रमण देख श्वह्ल नगर पालिका को आया गुस्सा और चलवा दिया बुलडोजर हालांकि सिर्फ नालियों के ऊपर चबूतरे या सीडी बनी हुई पाई उन्हीं जगहों को चिन्हित कर तुड़वाया गया कोंच उपजिलाधिकारी शुशील कुमार पुलिस फोर्स के साथ रहे मौजूद बहुत लोगों ने विनती की कि मैं अपने हाथों से तोड़ दूंगा या हटा लूंगा लेकिन यह नगर पालिका पवन कुमार मौर्य ने किसी की ना सुनी और अतिक्रमण अभियान को पूरा किया

### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## प्रेमी के साथ हमबिस्तर थी बहू, सास ने देख लिया...फिर की ऐसी अजीबोगरीब मांग; जानकर रह जाएंगे सन्न



शादी से पहले के प्रेम संबंध में पड़ी विवाहिता ने प्रेमी को अपने घर बुलाना शुरू कर दिया। हाल में ही उसकी सास ने प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में उसे पकड़ लिया। सास ने इसकी जानकारी अपने बेटे को दी। इसके बाद पति ने विवाहिता को साथ रखने के लिए अजीबोगरीब मांग रख दी। एटा के मारहरा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का चार वर्षों से एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद भी प्रेमी के साथ उसके संबंध लगातार बने रहे। यहां तक कि प्रेमी उसकी ससुराल भी आने लगा। जब ससुरालीजन को पता लगा तो पति ने साथ रखने से इन्कार कर दिया। प्रेमी पर मुकदमा दर्ज कराने का दबाव बनाया। इसके बाद महिला ने अपने प्रेमी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व फोटोग्राफी का काम करने वाले अजय निवासी नगला भंडारी जिला कासंगज से उसको प्यार हो गया। जिसके बाद अक्सर हम दोनों मिलते रहे। इस काम में अजय के गांव का दोस्त जितेंद्र साझीदार बना। वह सिम व मोबाइल लाकर देता था। प्रेम तो परवान चढ़ा मगर शादी नहीं हो सकी। घरवालों ने युवती की शादी अलीगढ़ जिले के थाना दादों के गांव शेखुपुर में दिसंबर 2023 में कर दी।कहते हैं कि प्यार अंधा होता है। ऐसा ही कुछ इन दोनों के साथ हुआ। शादी तो हो गई मगर छुप-छुप कर मिलना जारी रहा। इतना ही नहीं अजय उसकी ससुराल भी आने-जाने लगा। महिला का पति दिल्ली में नौकरी करता है। जिसके चलते अजय अक्सर महिला की ससुराल में रुक जाता था। 29 फरवरी को रात लगभग 11 बजे महिला की सास ने अजय के साथ उसको आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिसके बाद अजय तो वहां से भाग गया। मगर सास ने सारी सूचना अपने बेटे को फोन पर दे दी। महिला के पति ने अपने ससुर को फोन कर बुलाया औ पत्नी को उसके मायके भेज दिया। सास ने कहा कि जब तक अजय के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखा जाता, हम नहीं बुलाएंगे। मजबूरन महिला ने थाना मारहरा में तहरीर देकर अजय के खिलाफ चार साल से तंग करने की रिपोर्ट लिखाई है। साथ ही लगातार संबंध बनाने की भी बात कही है।

## गजरौला में युवक ने भाइयों व भाभी की मदद से युवती को अगवा किया, हसनपुर में जीजा ने साली को पीटा

गजरौला निवासी युवक ने युवती को अगवा कर लिया। मामला अलग-अगल बिरादरी से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव बना हुआ है। पुलिस युवती को बरामद करने की कोशिश कर रही है। हसनपुर में परीक्षा देने से मना करने पर जीजा ने साली को पीट दिया। गजरौला निवासी युवती का गांव के ही युवक ने अपने दो भाइयों और भाभी की मदद से अपहरण कर लिया। मामला दो अलग-अलग बिरादरी से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी तीनों भाइयों और एक की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 20 वर्षीय बेटी छह मार्च की शाम गुम हो गई थी। अगले दिन गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जानकारी मिली कि उनकी बेटी को सात मार्च की शाम छह बजे गांव के ही दूसरी बिरादरी के तीन सगे भाई और एक महिला कार में जबरन डाल कर ले जा रहे थे। जिस पर पीड़ित ग्रामीण और उसकी पत्नी आरोपी के घर बेटी की जानकारी करने गए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारी बेटी का राजन के साथ शादी करने के लिए अपहरण किया है। पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी राजन, उसके दो भाइयों जितेंद्र सिंह व रविंद्र सिंह और उसकी पत्नी विपिन देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है कि युवती की बरामदगी और आरोपियों कि गिरफ्तारी को संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जीजा के खिलाफ केस दर्ज -हसनपुर में कक्षा बारह की परीक्षा नहीं देने जाने पर गुस्साए जीजा ने साली के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव तसीहा निवासी शोभित की पत्नी रिंकी का मायका हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सैमला में है। बताते हैं कि रिंकी इस वर्ष मायके में रहकर इंटर की बोर्ड परीक्षा दे रही थी।नौ मार्च को रिंकी की तबीयत खराब थी। वह परीक्षा देने के लिए नहीं जा पा रही थी। आरोप है कि शराब के नशे में रिंकी का जीजा भूत खदेड़ी निवासी सुनील वहां पहुंच गया। सुनील ने रिंकी को परीक्षा देने के लिए जाने के लिए दबाव बनाया। रिंकी ने मना किया तो उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुनील निवासी गांव भूत खदेड़ी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## मादक पदार्थ तस्करी में दो युवक गिरफ्तार, दो करोड़ रुपये की अफीम बरामद




शाहजहांपुर के जलालाबाद क्षेत्र में रविवार रात पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों से दो किलो अफीम बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपये बताई गई है।शाहजहांपुर में एक व्यक्ति की मौत के बाद उसका बेटा अफीम की तस्करी करने लगा। पुलिस ने युवक को उसके साथी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों से पुलिस ने दो किलो अफीम बरामद की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपये बताई गई है।एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि थाना जलालाबाद की पुलिस टीम ने रविवार रात करीब नौ बजे जलालाबाद के गांव अतिबरा के निकट निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे बरेली रोड के पास बाइक सवार विकास निवासी ग्राम अकबरपुर थाना मदनापुर और पपिंदर सिंह निवासी ग्राम सीकमपुर थाना जलालाबाद को रोका। पिता ने तस्करी कर खरीद ली थी 50 बीघा जमीन -तलाशी में उनके पास से दो किलो अफीम बरामद हुई। इस पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में विकास ने बताया कि पहले उसके पिता रविराम अफीम का धंधा करते थे। उसी से लगभग 50 बीघा जमीन खरीद ली। पिता ने चाचा ब्रजेश के साथ मिलकर फार्म हाऊस बना लिया। पिता के पास झारखंड का एक व्यक्ति आता था, जो अफीम दे जाता था। उसके पिता अफीम बेच देते थे। करीब छह माह पहले उसके पिता की मृत्यु हो गई। घर में पैसों की तंगी महसूस हुई तो उसने भी पिता के अफीम का धंधा शुरू कर दिया। इस धंधे में अपने दोस्त पपिंदर सिंह को भी मिला लिया। वे लोग अफीम बेचने निकले थे तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

## क्षेत्र का भ्रमण कर सुना ग्रामीणों की समस्याए, कहा- विकास की कोई कमी नही रखेगें

क्यूँ न लिखूँ सच

दतिमा मोड़- स्थानीय विधायक, महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी के पति ठाकुर राजवाड़े ने रविवार को भटगांव मंडल के ग्राम पलमा, पहाड़ अमोरनी, कटिंदा, चंद्रमेढा, टईया, बैजनाथपुर का दौरा कर मतदाताओं व ग्रामीणों का आभार प्रकट किया व आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए। वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान देर शाम को ग्राम पंचायत राई में श्री राजवाडे का कार्यकर्ताओं जनता व पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया। इस बीच पहुंच कर लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। वहीं इस दौरान ठाकुर राजवाडे ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए

जल्द समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्याओं की निदान को लेकर हमेशा करेंगे मौके पर मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता सहित भाजयुमो उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, धर्मपाल पैकरा, पारस पैकरा, लक्ष्मी पैकरा, वरुण देवांगन, राजेश यादव, रामचंद्र जायसवाल, हृदय जायसवाल, रिजवार यादव, मनोज पैकरा, संजय देवांगन राजलाल देवांगन, राकेश यादव, प्रवेश देवांगन, शिवनारायण यादव, रामाशंकर पैकरा, सोमार पैकरा, जगमोहन जायसवाल, बुधन, कैलाश, ओम प्रकाश, सुरेश जयसवाल, धनेश्वर पैकरा, पुरन यादव, इंद्र यादव, सोनसाय, रामेश्वर पैकरा, सोहन यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहे।

## समय सीमा की बैठक में जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत प्रस्तावित प्रपोजल पर की गई चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत खनिज प्रभावित प्रस्तावित प्रपोजल क्षेत्रों के परिवेश व आवश्यकता अनुरूप विभाग प्रपोजल प्रस्तावित करें, यह बात आज कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने समय सीमा की बैठक के दौरान कही। बैठक में सभी विभागों द्वारा प्रस्तावित प्रपोजल पर बिन्दुवार चर्चा की गई। जिसमें जिले के प्रतिभावान छात्रों का चयन ज्यादा से ज्यादा नीट, आईआईटी और राज्य व केन्द्र आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं में हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर चर्चा हुई। जिसमें जिले के ही प्रतिभावान शिक्षकों द्वारा उन्हें कोचिंग के माध्यम से मार्गदर्शन दिलवाने की बात कही गई। इसके साथ ही पंडो जनजाति के उत्थान आधारित, स्वास्थ्य, खेल, स्किल डेवलपमेंट व मूलभूत आवश्यकता आधारित मुद्दों पर बेहतर प्रपोजल प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रबंधकारिणी समिति द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास सूरजपुर के वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का अनुमोदन शासकीय परिषद से कराएं जाने हेतु निर्णय लिया गया और प्रगतिरत कार्यों को अविलंब पूर्ण करने हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। बैठक में विभाग वार लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की गई, इसके साथ ही लंबित मामलों पर शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र दल को द्वितीय चरण का दिया गया प्रशिक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र में लगे स्टाफ का प्रशिक्षण जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में दिया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री पी.सी. सोनी प्राचार्य एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री संतोष कुमार उपाध्याय व्याख्याता द्वारा इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे लोक सेवक जो मतदान दिवस के दिन निर्वाचन ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण उस मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान करने में असमर्थ होते हैं, जहां के मतदाता सूची में उनके नाम होते हैं। उन्हें मतदान करने की सुविधा प्रदान करना होता है। चुनाव ड्यूटी में लगे ऐसे लोक सेवक जिनकी चुनाव ड्यूटी उसी निर्वाचन क्षेत्र में लगायी गई है जहां के ये मतदाता है, ये निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के आधार पर मतदान करेंगे। चूंकि लोकसभा का निर्वाचन सम्पन्न होने वाले है, अंत इस श्रेणी में मतदान दल के सभी सदस्य, सभी पुलिसकर्मी आयेंगे। निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र हेतु उन्हें प्रारूप 12क में आवेदन देना होगा। इस आवेदन के साथ उन्हें निर्वाचन नियुक्ति आदेश की कॉपी, वोटर कार्ड की कॉपी लगाकर जमा करना होगा। आवेदन प्राप्त होने पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यह जांच की जायेगी कि यह उसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता है, जहां उसकी चुनाव ड्यूटी लगायी गयी है। जांच कर संतुष्ट हो जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा उसे निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रारूप 12 ख जारी किया जायेगा। जिसके आधार पर चुनाव ड्यूटी में नियुक्त ऐसे लोक सेवक उस मतदान केन्द्र पर जहां वह चुनाव ड्यूटी पर तैनात है, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रारूप 12 ख को पीठासीन अधिकारी को प्रस्तुत कर मतदान दिवस के दिन मतदान कर सकेगा। यह मतदान ईव्हीएम के माध्यम से होगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का लेखा रजिस्टर संधारण के बारे में विस्तार से बताया गया। अंत में प्रशिक्षणार्थियों को डाक मतपत्र एवं होम वोटिंग की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस बैठक में सहायक नोडल अधिकारी अलेक्जेंडर केरकेट्टा जिला सांख्यिकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 141 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सत्र 2023-24 में आयोजित हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा कक्षा 12वीं के विषय-भूगोल (102), भौतिक शास्त्र (201) की परीक्षा जिले के निर्धारित 74 परीक्षा केन्द्रों में सफलता पूर्वक संचालित किया गया। जिसमें कुल दर्ज 6447 परीक्षार्थियों में से 141 अनुपस्थित रहे। श्री रामललित पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर के द्वारा शा. कन्या उ.मा.वि. विश्रामपुर एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय विश्रामपुर वि.ख. सूरजपुर का निरीक्षण किया गया। समस्त परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्वक संचालित होना पाया गया।

## अंतराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ युवा टीम द्वारा बैठक का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

राकेश गुप्ता



